कार्यालय,प्रधानाचार्य,महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज,झॉसी ।

संख्या: /नियुक्ति/पी0एम0एस0एस0वाई0/एसआर/एस0सी–1 दिनांक: 26-6-2024

विज्ञापन

महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज झाँसी में स्थापित सुपर स्पेशलिटी के लिए शासनादेश संख्या 4670/71–1–2018–जी–295/2017 चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ दिनॉक 02 जनवरी 2019 एवं पत्र संख्या 144338(1)/71–1–22 दिनांक 03 मार्च 2022 के द्वारा स्वीकृत रेजीडेन्सी योजना से आच्छादित विभिन्न विशिष्टताओं में सीनियर रेजीडेन्ट के निम्नलिखित पदों पर **वेतन मेट्रिक्स के लेविल–11 का वेतनमान 67700–208700 में छात्रवेतन रूपये 67700/–** एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा समय–समय पर स्वीकृत अन्य भत्तों के साथ नियुक्ति दिनांक **30–06–2025** तक के लिए मेडिकल परास्नातक उपाधि प्राप्त अभ्यर्थियों से दिनांक **29-06-2024** को **05:00** बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

कम सं0विभाग

1– कार्डियोलोजी विभाग– (छः पद) (अनारक्षित–02, अनुसूचित जाति– 01, अन्य पिछड़ा वर्ग–01 अनुसूचित जनजाति–01,ई0डब्लू0एस0–01)
2– एनेस्थीसिया किटिकल केयर आई0सी0यू0–(बारह पद) (अनारक्षित–04, अनुसूचित जाति–03,अन्य पिछड़ा वर्ग–03, ई0डब्लू एस0–02.)
3– नेफ्रोलोजी विभाग– (दस पद) (अनारक्षित–04,अनुसूचित जाति–03,अन्य पिछड़ा वर्ग–01,ई0डब्लू एस0 –01, अनुसूचित जन जाति –01)
4– न्यूरालोजी विभाग – (नौ पद) (अनारक्षित–03, अनुसूचित जाति–02, अन्य पिछड़ा वर्ग–03, ई0डब्लू एस0–01)
5– प्लास्टिक सर्जरी विभाग– (दस पद) (अनारक्षित–04, अनुसूचित जाति–02 अन्य पिछडा वर्ग–03,ई0डब्लू एस0–01)
6– यूरोलोजी विभाग– (दस पद) (अनारक्षित–04, अनुसूचित जाति–02, अन्य पिछड़ा वर्ग–03, ई0डब्लू एस0–01)
7– न्यूरो सर्जरी विभाग– (दस पद) (अनारक्षित–04, अनुसूचित जाति–02, अन्य पिछड़ा वर्ग–03, ई0डब्लू एस0–01)

नियम व शर्ते

1– इन पदो के लिए एम0डी0/एम0एस0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे।
2– अभ्यर्थी की आयु साक्षात्कार की तिथि को 45 वर्ष या उससे कम होनी चाहिए।
3– अभ्यर्थियों को चयन रेजीडेन्सी योजना के शासनादेश एवं राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिसूचना नई दिल्ली 29 दिसम्बर 2023 (स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियम 2023)एवं राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग अधिसूचना 14 फरवरी, 2022 के अनुसार किया जायेगा।
4–महानिदेशालय/शासन से अन्य कोई अभ्यर्थी तैनात किये जाने / अन्य दिशा निर्देश प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी की सेवाएं तत्काल समाप्त कर दी जायेंगी।
5– आवेदक को एन0एम0सी0/उ0प्र0 मेडिकल कौन्सिल में पंजीकृत होना चाहिए ।
6– यह नियुक्तियॉं पूर्णतः अस्थाई है और बिना कोई कारण बताये कभी भी बिना पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है ।
7– नियुक्तियॉं, सेवा समाप्ति या इससे संबधित किसी अन्य विवादास्पद मामले में प्रधानाचार्य का निर्णय अन्तिम होगा और इस संबंध में किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का कोई वाद नही बनेगा।
8– अभ्यर्थियों के कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अपने पद से त्यागपत्र देने पर उसे एक माह का अग्रिम नोटिस अथवा एक माह का वेतन जमा करना होगा।
9– अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार दिनांक **01–07–2024** को दोपहर **12.00** बजे कालेज के समिति कक्ष में होगा। अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु समय से उपस्थित हो । इसके लिय यात्रा भत्ता अनुमन्य नही होगा।
10– इस साक्षात्कार से नियुक्ति करने के बाद रिक्त सीटो के लिए प्रतिदिन (कार्यदिवस) दोपहर 12.00 बजे से वाक–इन–इन्टरव्यू **(walk –in –interview)** सीटे भरने तक जारी रहेगा।

आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर अभ्यर्थी का नाम, माता–पिता का नाम, जन्म तिथि, श्रेणी, स्थाई एवं पत्र व्यवहार का पता, दूरभाष न0, पी0जी0 प्रवेश परीक्षा की रैंक, शैक्षिक योग्यता का पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज का एक नवीनतम फोटोग्राफ तथा समस्त प्रमाण पत्रो की स्व.प्रमाणित प्रतियॉं संलग्न होना चाहिए।

प्रधानाचार्य,
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज,
झॉसी।

संख्या: 1703 /नियुक्ति/ पी0एम0एस0एस0वाई0/एसआर/एस0सी–1 तदिनांक:
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
1– प्रभारी अधिकारी पी0एम0एस0एस0वाई0 मेडिकल कौलज झॉसी।
2– समस्त विभागाध्यक्ष । 3– नोटिस बोर्ड, छात्रानुभाग/ कालेज एवं समस्त छात्रावास ।
4– प्रमुख अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,मेडिकल कालेज चिकि0,झॉसी। 4– महानिदेशक, चि0शि0 एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5– प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज कानपुर/मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/गोरखपुर/ आजमगढ़, अम्बेडकरनगर, कन्नौज, जालौन, सहारनपुर,बॉदा, बदायूँ को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पथ्ट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।
6– कुलसचिव, सी0एस0एम0 (के0जी0) मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ सैफई, इटावा को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें। ।
7 –स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज, अयोध्या,शाहजहांपुर, देवरिया/एटा/फतेहपुर/गाजीपुर/ हरदोई/मीरजापुर /प्रतापगढ़/ सिद्धार्थनगर को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञापन को अपने सूचना पट पर प्रसारित कराने को कष्ट करें।
8– प्रभारी अधिकारी वेवसाइट को इस आशय से कि उपरोक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।

प्रधानाचार्य,
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कालेज,
झॉसी।